**INDIAN SCHOOL SALALAH**

**FIRST TERM EXAMINATION – SEPTEMBER 2024**

**(Hindi 2nd LANGUAGE)**

**Class: VIII** **Date: 29.09.24**

**Time: 3 Hrs.** (कुल प्रश्न - 12 कुल पृष्ठ - 5) **Maximum Marks: 80**

---

**खण्ड - क**

**01. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **5x1=5**

बड़े-बड़े विद्वानों, समाज सेवकों और महापुरुषों ने संघर्ष को ही जीवन माना है। नदी के बहते जल को देखकर आपको यह नहीं समझना चाहिए कि उसका जल बिना किसी टकराव के बह रहा है। सागर तक पहुँचनेवाले रास्ते में उसे चट्टानों, पत्थरों और लोहा - लंगड जैसी कई समस्याओं से संघर्ष करने के बाद ही अपनी मंज़िल मिलती है। क्या आप जानते हैं कि बिल्ली कबूतर को कैसे मार गिराती है? वास्तव में आक्रमण होने से पहले ही कबूतर अपनी हार स्वीकार कर लेता है और अपनी आँखें बंद कर लेता है। वह नहीं जानता कि आँखें बंद करने से खतरा नहीं टलता, खतरा टलता है संघर्ष करने से। यदि आँखें बंद न करके संघर्ष करता तो वह उड़ भी सकता था, जीवन जीने का नाम नहीं, जीवन संघर्ष का नाम है। जो डर गया, वह मर गया।

**i) बड़े-बड़े विद्वानों, समाज सेवकों और महापुरुषों ने किसे जीवन माना है?**

**क.** आराम को **ख.** संघर्ष को

**ग.** समर्पण को **घ.** धन को

**ii) सागर तक पहुँचने के लिए नदी को किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है?**

**क.** चट्टानों, पत्थरों और लोहा लंगड **ख.** मछलियों और जंगली जानवरों

**ग.** ताजे जल की कमी **घ.** गर्मी और सूखा

**iii) कबूतर की हार का कारण क्या है?**

**क.** भाग्य की कमी **ख.** प्रयास की कमी

**ग.** आँखें खोलना **घ.** घायल होने के कारण

**iv) संघर्ष का क्या लाभ है?**

**क.** थकावट **ख.** जीवन और सफलता

**ग.** दर्द **घ.** आराम

**v) जो डर गया, उसका क्या होता है?**

**क.** उसे सफलता मिलती है **ख.** उसे भाग्य मिलता है

**ग.** उसे खुशी मिलती है **घ.** उसे हार का सामना करना पड़ता है

**02. i) निम्नलिखित शब्दों का विलोम लिखिए-** **2x½=1**

**क.** अपमान **ख.** सच

**ii) रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुन: लिखिए-** **2x1=2**

**क.** बच्चों ने देखा कि पेड़ पर <u>घोंसला</u> है।

**ख.** गाँव में आज भी स्त्रियाँ लाख की <u>चूड़ी</u> पहनती हैं।

**iii) निम्नलिखित शब्द के दो-दो पर्यायवाची लिखिए-** **2x1=2**

**क.** वर्ष **ख.** कदम

**iv) निम्नलिखित शब्दों का लिंग बदलिए-** **2x1=2**

**क.** वधू **ख.** पंड़ित

**v) समास विग्रह कीजिए-** **2x1=2**

**क.** आजीवन **ख.** राष्ट्रपति

**vi) रेखांकित का पदभेद लिखिए-** **2x1=2**

**क.** बच्चे मैदान में <u>**खेल रहे हैं**</u>**।**

**ख.** <u>**राकेश**</u> मेरी कक्षा में पढ़ता है।

**vii) उचित कारक चिह्नों से वाक्यों की पूर्ति कीजिए-** **2x1=2**

**क.** जेविन स्कूटर _______ दुकान गया।

**ख.** पिताजी, बच्चे _______ मिठाई लाये।

**viii) मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-** **2x1=2**

**क.** छोटा मुँह बड़ी बात

**ख.** नज़रें फेर लेना

**03.** **<u>किन्ही एक</u> विषय पर अनुच्छेद लिखिए-** **5**

**क.** श्रम का महत्त्व **ख.** वसंत ऋतु **ग.** सच्चा मित्र


**04.** मोबाइल फोन का कम उपयोग करने का सुझाव देते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

छात्रवृत्ति दिलवाने की प्रार्थना करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

**05.** आज आपकी अंतिम परीक्षा है। पढ़ाई से चिंता मुक्त होकर अपने मित्र के साथ छुट्टियाँ बिताना चाहते हैं इस विषय पर लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए। **1x5=5**

**06. चित्र देखकर उसका वर्णन 30 से 40 शब्दों में कीजिए - 5**



**खण्ड - ख**

**07. गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए- 5x1=5**

मैं घंटों बैठे-बैठे उसे चूड़ियाँ बनाते देखता रहता। लगभग रोज़ ही वह चार-छह जोड़ा बनाता। पूरा जोड़ा बना लेने पर वह उसे बेलन पर चढ़ाकर कुछ क्षण चुपचाप देखता रहता मानो वह बेलन ना होकर किसी नव वधू की कलाई हो। बदलू मनिहार था। चूड़ियाँ बनाना उसका पैतृक पेशा था और वास्तव में वह बहुत ही सुंदर चूड़ियाँ बनाता था। उसकी बनाई हुई चूड़ियों की खपत भी बहुत थी। उसके गाँव में तो सभी स्त्रियाँ उसकी बनाई हुई चूड़ियाँ पहनती थीं। आसपास के गाँव के लोग भी उससे चूड़ियाँ ले जाते थे परंतु वह कभी भी चूड़ियों को पैसे से बेचता ना था। उसका अभी तक वस्तु विनिमय का तरीका था और लोग अनाज के बदले उससे चूड़ियाँ ले जाते थे।

**i) बदलू पेशे से क्या था?**

**क.** जुलाहा **ख.** डॉक्टर

**ग.** मनिहार **घ.** कुम्हार

**ii) बदलू की चूड़ियों की माँग किस कारण से थी?**

**क.** क्योंकि वे सुंदर और मनमोहक थीं **ख.** क्योंकि वे मँहगी थीं

**ग.** क्योंकि वे सस्ती थीं **घ.** क्योंकि वे जल्दी टूट जाती थीं

**iii) पैतृक पेशा- से लेखक का क्या अभिप्राय है?**

**क.** पिता के घर जाना **ख.** दादा के पेशे को न करना

**ग.** अनाज के बदले चूड़ियाँ लेना **घ.** अपने पिता-दादा के कार्यों को आगे बढ़ाना

**iv) बदलू की चूड़ियों की खपत भी बहुत थी- इसका क्या अर्थ है?**

**क.** उसकी चूड़ियाँ कम बिकती थीं **ख.** उसकी चूड़ियाँ अधिक बिकती थीं

**ग.** उसकी चूड़ियाँ नहीं बिकती थीं **घ.** उसकी चूड़ियाँ खराब थीं

**v) वस्तु विनिमय से क्या तात्पर्य है?**

**क.** वस्तु को बेचना
**ख.** एक वस्तु के बदले दूसरी वस्तु लेना
**ग.** वस्तु को खरीदना
**घ.** वस्तु के बदले रुपए देना

**08. काव्यांश को पढ़कर दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिएः-** **5x1=5**

हँसते-खिलखिलाते रंग-बिरंगे फूल क्यारी में देख कर जी तृप्त हो गया
नथुनों से प्राणों तक खिंच गयी गंध की लकीर-सी
आँखों में हो गई रंगों की बरसात
अनायास कह उठा
'वाह, धन्य है वसंत ऋतु!'

**i) फूलों के रंग और गंध का कवि पर क्या प्रभाव पड़ा?**

**क.** कोई प्रभाव नहीं पड़ा
**ख.** कवि ने उदास महसूस किया
**ग.** कवि ने तृप्ति महसूस की
**घ.** कवि ने गंध से असंतोष व्यक्त किया

**ii) 'खिंच गई गंध की लकीर-सी' द्वारा कवि क्या कहना चाह रहे हैं?**

**क.** कवि ने चारों ओर खुशबू फैला दी
**ख.** फूलों की खुशबू उनके प्राणों में समा गई
**ग.** वर्षा ने खुशबू की लकीर खींच दी
**घ.** फूलों की खुशबू कवि को परेशान करने लगी

**iii) फूलों के रंगों से कवि को रंगों की बरसात का अनुभव होने लगा क्योंकि-**

**क.** आसमान से रंगों की बरसात होने लगी
**ख.** बगीचे में बरसात होने लगी
**ग.** कवि बरसात में बगीचा घूमने गए थे
**घ.** अनेक फूलों ने धरती पर रंग बिखेर दिए थे

**iv) वसंत ऋतु की धन्यता किसने रची है?**

**क.** नन्हें फूल और उसके साथियों ने
**ख.** कवि ने
**ग.** सूरज ने
**घ.** वसंत ऋतु ने

**v) इस कविता के कवि कौन हैं**?

**क.** मैथिली शरणगुप्त
**ख.** सुमित्रनंदन पंत
**ग.** भारत भूषण अग्रवाल
**घ.** कबीर दास

**09. 'कदम से कदम मिलाकर चलना होगा' कविता का सारांश लिखिए।** **5**

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए-** **4x2=8**

**क**) 'मुकाबला आदमी को शक्तिशाली बना देता है।'- **स्पष्ट कीजिए।**

**ख**) शिक्षकों को इस तरह के बच्चों को पढ़ाने में कोई कठिनाई नहीं होती? इस प्रश्न का डॉ . तुली ने क्या उत्तर दिया?

**ग)** बदलू को काँच की चूड़ियों से चिढ़ क्यों थी?

**घ)** पारंपरिक कला को बचाने के लिए बदलू जैसे कारीगरों की दशा कैसे सुधारी जा सकती है? अपने शब्दों में लिखिए।

**11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए- 4x3=12**

**क**) अमर ज्योति संस्था में छात्रों को आत्मनिर्भर होने के लिए कौन-कौन से कार्य सिखाए जाते हैं?

**ख)** चिड़ियों और शारकों के माध्यम से लेखक क्या संदेश देना चाहते हैं?

**ग)** अमर ज्योति के बच्चों को मुख्य धारा से जुड़ने में कठिनाई क्यों नहीं होती?

**घ)** 'मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं।'- **आशय स्पष्ट कीजिए।**

**12. सहपाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1+2+2=5**

**क)** हमें अपने जीवन में आने वाली कठिन परिस्थितियों का सामना कैसे करना चाहिए?

**- रथचक्र पाठ के आधार पर** अपने विचार लिखिए।

**ख)** फलों के जो वृक्ष बाबा तथा बड़े भैया ने लगाए थे उनका क्या हुआ?

**ग)** 'रथचक्र' शब्द से लेखक का क्या तात्पर्य है?

*************